# राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम मुख्यालय जयपुर

क्रमांक: एफ 3/मु./याता./निरी./15/493 दिनांक: 01/12/15

## कार्यालय –आदेश

मुख्यालय द्वारा प्रसारित आदेश संख्या एफ–3/याता./निरी./06/934 दिनांक 8.10.04, 488 दिनांक 20.7.05 एवं 1109 दिनांक 6.12.2006 (संलग्न) के द्वारा निर्देशित किया गया था कि सभी यातायात निरीक्षक/सहायक यातायात निरीक्षक ड्यूटी समय निर्धारित वर्दी मय नेमप्लेट, स्टार के उपस्थित रहेगें।

उक्त आदेशों के क्रम में समस्त निरीक्षकों को पुनः निर्देशित किया जाता है कि वे कार्यालय समय एवं निरीक्षण कार्य के दौरान अपनी निर्धारित वर्दी में उपस्थित रहेंगें। वर्दी साफ–सुथरी हो, नेमप्लेट एवं स्टार नियमित रूप से लगावें। बिना वर्दी, नेमप्लेट एवं स्टार के उपस्थिति दर्ज नहीं की जावें अर्थात ड्यूटी पर नहीं माना जावेगा।

उपरोक्त निर्देशों की पालना सुनिश्चित करें। पालना नहीं करने वाले निरीक्षकों तथा उनके नियन्त्रण अधिकारियों के विरूद्व अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

संलग्नः उपरोक्तानुसार (3)

(सर्केश राजोरिया)
कार्यकारी निदेशक (यातायात)

क्रमांक: एफ 3/मु./याता./निरी./15/493 दिनांक: 01/12/15

प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, अध्यक्ष महोदय राज.परिवहन निगम मु.जयपुर
2. निजी सचिव, प्रबन्ध निदेशक महोदय राज.परिवहन निगम मु.जयपुर
3. समस्त विभागाध्यक्ष ............................ राज. परिवहन निगम मु.जयपुर
4. समस्त मुख्य प्रबन्ध राज.परिवहन निगम ............................ आगार
5. श्री ............................ याता.निरी./सहा.याता.निरी. ................ आगार
6. आदेश पत्रावली

कार्यकारी प्रबन्धक (चैकिंग)